कक्षा –5

पाठ 1

भाषा, लिपि और व्याकरण

प्रश्नों के उत्तर :–

प्र.1 भाषा किसे कहते हैं? इसके कितने रूप होते हैं?

उ0. भावों और विचारों के आदान–प्रदान के समर्थ माध्यम को भाषा कहते हैं। इसके तीन रूप होते है।

1. मौखिक भाषा
2. लिखित भाषा
3. सांकेतिक भाषा

प्र.2 लिपि किसे कहते हैं?

उ0. किसी भी भाषा को लिखने के लिए संकेत चिह्नों की निर्धारित व्यवस्था को लिपि कहते हैं।

प्र.3 भाषा में व्याकरण की क्या उपयोगिता है?

उ0. व्याकरण के द्वारा ही हम भाषा को शुद्ध रूप में लिखना, पढ़ना और बोलना सीखते हैं।

End of document

Scanned with CamScanner

आपने क्या सीखा?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) भाषा किसे कहते हैं? इसके कितने रूप होते हैं?

(ख) लिपि किसे कहते हैं?

(ग) भाषा में व्याकरण की क्या उपयोगिता है?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(क) भाषा के शुद्ध रूप और सही प्रयोग का ज्ञान कराने वाले शास्त्र को व्याकरण कहते हैं।

(ख) जब हम अपने मन के भावों को संकेतों के माध्यम से व्यक्त करते हैं तो उसे सांकेतिक भाषा कहते हैं।

(ग) भावों और विचारों के आदान-प्रदान के समर्थ माध्यम को ही भाषा कहते हैं।

(घ) हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है।

(ङ) हिंदी में सामान्य रूप से वाक्य में पहले कर्ता, फिर कर्म और अंत में क्रिया आती है।

3. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखो–

(क) किसी राष्ट्र के संपूर्ण क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली भाषा — राष्ट्रभाषा

(ख) बोलकर अपने विचार प्रकट की जाने वाली भाषा — मौखिक भाषा

(ग) लिखकर व्यक्त की जाने वाली भाषा — लिखित भाषा

(घ) संकेतों के माध्यम से व्यक्त की जाने वाली भाषा — सांकेतिक भाषा

(ङ) वर्णों के आकार, उच्चारण, वर्णों के मिलने से शब्द निर्माण आदि का अध्ययन — वर्ण विचार

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ-

(क) लिखित भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण है। मौखिक भाषा की छोटी इकाई है-

(अ) स्वर	☐	(ब) व्यंजन	☐
(स) ध्वनि	✓	(द) शब्द	☐

(ख) कौन-सा मौखिक भाषा का उदाहरण नहीं है?

(अ) रेडियो वार्ता	☐	(ब) भाषण	☐
(स) समाचार-पत्र	✓	(द) टेलीफ़ोन पर बात	☐

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

Scanned with CamScanner